Printed Pages – 7

BH-5939

M.A. (IIIrd Semester) Examination,2022

HINDI

(Hindi Natak Evam Rangmanch)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 70

खण्ड - अ

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **10×1=10**

Q. 1. (i) भारतेंदु कृत अंतिम नाटक है :

(अ) सती प्रताप

(ब) अंधेर नगरी

(स) भारत दुर्दशा

(द) नील देवी

(ii) 'कलि कौतुक रूपक' किसके द्वारा रचित प्रहसन है ?

(अ) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(ब) बालकृष्ण भट्ट

(स) सुदर्शन

(द) प्रताप नारायण मिश्र

(iii) प्रसाद कृत एकांकी है :

(अ) स्कंदगुप्त

(ब) चंद्रगुप्त

(स) ध्रुवस्वामिनी

(द) एक घूँट

(iv) 'भारत सौभाग्य' नाटक किसका है ?

(अ) बद्री नारायण चौधरी प्रेमघन

(ब) मिश्र बंधु

(स) बालकृष्ण भट्ट

(द) भारतेंदु

(v) ले हिन्दुस्तान का मेवा फूट और बैर' अंधेर नगरी में यह कथन किसका है ?

(अ) मुगल

(ब) कुँजड़िन

(स) पाचकवाला

(द) घासीराम

(vi) 'अंधेर नगरी' में अंत में फाँसी पर कौन चढ़ता है ?

(अ) राजा

(ब) कोतवाल

(स) गोबरधन दास

(द) महन्त

(vii) 'हिन्दी नाटक : उद्‌भव और विकास' किसकी रचना है ?

(अ) लक्ष्मी नारायण लाल

(ब) रामचंद्र शुक्ल

(स) दशरथ ओझा

(द) राम विलास शर्मा

(viii) प्रसाद का कौन-सा नाटक विशाख के 'देवी चंद्रगुप्तम्' के आधार पर लिखा गया है ?

(अ) चंद्रगुप्त

(ब) ध्रुवस्वामिनी

(स) प्रायश्चित

(द) अजातशत्रु

(ix) संगीत नाटक अकादमी की स्थापना कब और कहाँ हुई ?

(अ) 1953 दिल्ली

(ब) 1957 बम्बई

(स) 1962 रायपुर

(द) 1977 कलकत्ता

(x) 'आगरा बाजार' किसका नाटक है ?

(अ) हबीब तनवीर

(ब) बादल सरकार

(स) स्वदेश दीपक

(द) शिव प्रसाद सिंह

(xi) निम्न में से भीष्म साहनी द्वारा रचित नाटक नहीं है :

(अ) हानूश

(ब) कबिरा खड़ा बाजार में

(स) कोणार्क

(द) माधवी

(xii) 'आठवाँ सर्ग' किसका नाटक है ?

(अ) सुरेंद्र वर्मा

(ब) मणि मधुकर

(स) मुद्रा राक्षस

(द) दूधनाथ सिंह

खण्ड - ब

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

Q. 2. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (शब्द सीमा 25-30 शब्द) : **2×5=10**

(i) प्रहसन किसे कहते हैं ?

(ii) प्रसाद के पाँच नाटकों के नाम बतलाइए।

(iii) रेडियो रूपक क्या है ?

(iv) 'इप्टा' क्या है ?

(v) मोहन राकेश के नाटकों के नाम बतलाइए।

(vi) 'विषकन्या' एकांकी के प्रमुख पात्रों के नाम लिखिए।

खण्ड - स

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

Q. 3. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (शब्द सीमा-250 शब्द) : **4×5=20**

(i) 'विषकन्या' एकांकी का सारांश लिखिए।

(ii) औरंगजेब के चरित्र की विशेषताएँ बतलाइए।

(iii) प्रसाद के नाटकों का परिचय दीजिए।

(iv) 'आधे-अधूरे' नाटक की मुख्य समस्या क्या है ?

(v) एक नाटककार के रूप में मोहन राकेश की क्या विशेषताएँ हैं ?

(vi) नाटक के तत्त्व क्या हैं ?

खण्ड - द

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

Q. 4. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (शब्द सीमा-500 शब्द) : **10×3=30**

(i) नाट्य कला के तत्त्वों के आधार पर अंधेर नगरी का मूल्यांकन कीजिए ?

(ii) 'औरंगजेब की आखिरी रात' एकांकी की विशेषताएँ बतलाइए ?

(iii) 'अंधायुग' एक सफल गीति नाट्य है, विवेचना कीजिए ?

(iv) 'आधे-अधूरे' नाटक में आधुनिक जीवन की विसंगतियों को चित्रित किया गया है, स्पष्ट कीजिए।